**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक 06.03.2024</u>**

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा लोकसभा चुनाव–2024 को निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत पैरामिलिट्री बल एवं पुलिस बल के साथ थाना कौड़िया के विभिन्न ग्राम/मोहल्लों/कस्बा में किया गया रूट मार्चः–

गोण्डा। आज दिनांक 06.03.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत व जनपद में कानून व शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पैरामिलिट्री बल एवं पुलिस बल के साथ थाना कौड़िया क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों/मौहल्लों/कस्बा में रूट मार्च किया गया। इस दौरान रूट मार्च में कंपनी कमांडर श्री विजेन्द्र सिंह एवं पर्याप्त मात्रा में सी0आई0एस0एफ0 पैरामिलिट्री बल एवं पुलिस बल मौजूद रहे। रूट मार्च थाना कौड़िया क्षेत्र के दुबहा बाजार आदि में किया गया। रूट मार्च के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव–2024 के दृष्टिगत आमजन को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने तथा सुरक्षा का एहसास दिलाया गया तथा अवांछनीय व आपराधिक तत्व के व्यक्तियों में भय व्याप्त करने हेतु एरिया डॉमिने ान किया गया। लोकसभा चुनाव में लोगों को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने तथा आमजन को भयमुक्त व निडर होकर मतदान करने की अपील की गई तथा सभी को चुनावो में बढ–चढकर मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया साथ ही अवगत कराया गया कि लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर है तथा ऐसे लोगों पर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। चुनाव के दौरान किसी तरह की अफवाह न फैलाये न फैलने दे, अफवाह फैलाने वाले तत्वो पर भी पुलिस द्वारा सतर्क दृ ष्टि रखी जा रही है। इसके साथ ही लोगो को बताया गया कि चुनावों के दौरान किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वाले लोगो पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान प्रदे ा में आद र्ा आचार संहिता के लागू होने पर उसका पालन करने तथा चुनाव के दौरान पुलिस प्र ाासन का सहयोग करने हेतु अपील की गयी।

इसी क्रम में रूट मार्च के दौरान क्षेत्र की जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के लिये लोगो को अवगत कराया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव में किसी के प्रलोभन में न आये तथा सोच समझकर मतदान करें एवं अराजकतत्वों की सूचना समय से पुलिस को दें तथा चुनाव में भाई चारे के साथ रहने का आह्वान किया तथा माहौल खराब करने वालो पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी गयी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किसी भी तरह की सूचना/अफवाह की जानकारी तुरन्त थाना स्तर पर या यूपी 112 पर देने की अपील की गई। लोगों को पुलिस का हर परिस्थिति में सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया गया।

**प्रेस नोट**
**दिनांक 06.03.2024**

## चोरी से सागौन की लकडी काटने के आरोप में 01 अभियुक्त गिरफ्तार–

**गोण्डा।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर श्री राजे ा कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मनकापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0–96/24, धारा 379,411 भादवि व 26/41/42 भारतीय वन अधि0 से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्त सत्येन्द्र कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण–**

आज दिनांक 06.03.2024 को प्रार्थी कैला ानाथ भाुक्ला वन दरोगा सादुल्लानगर रेंज द्वारा थाना को0 मनकापुर में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 05/06.03.2024 की रात्रि अभियुक्त सत्येन्द्र कुमार वर्मा अपने साथियों के साथ जगल के प्रतिबन्धित सागौन के पेड़ को काट रहा था जिसको मेरे द्वारा पकड़ लिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मनकापुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना मनकापुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

01. सत्येन्द्र कुमार वर्मा पुत्र ओमप्रका ा वर्मा नि0 अमवा पोस्ट एलनपुर थाना मनकापुर जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग–**

01. मु0अ0सं0–96/24, धारा 379,411 भादवि व 26/41/42 भारतीय वन अधि0 थाना मनकापुर जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम–**

01. उ0नि0 कैला ानाथ भाुक्ला सादुल्लानगर रेंज मय टीम।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 06.03.2024**

## थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के वांछित अभियुक्त को 24 घण्टे के अन्दर किया गया गिरफ्तार–

### कार्यवाहीः–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री ि ाल्पा वर्मा के नेतृत्व में गठित थाना मोतीगंज पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत मु0अ0सं0–58/24, धारा 363,366 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रानू को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण–

दिनांक 05.03.2024 को थाना मोतीगंज क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा थाना मोतीगंज में सूचना दी गयी कि मेरी भतीजी को विपक्षी रानू द्वारा बहला–फुसला कर भगा ले गया है। वादी की तहरीर पर थाना वजीरगंज में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मोतीगंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 06.03.2024 को कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत अभियुक्त रानू को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त–

01. रानू पुत्र बैजनाथ नि0 ग्राम महरिया थाना खमरिया जनपद लखीमपुर खीरी।

### पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–58/24, धारा 363,366 भादवि थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा।

### गिरफ्तार कर्ता टीम–

01. उ0नि0 सत्य प्रका ा सिंह।
02. हे0का0 राहुल आर्य।
03. म0का0 लक्ष्मी राणा।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेसनोट**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत दुखःहरण नाथ मंदिर व पृथ्वीनाथ मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा। पर्व को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने, मन्दिरों व जूलूसो की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।**

आज दिनांक 07.03.2024 को पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री विनीत जायसवाल द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत दुखःहरण नाथ मन्दिर थाना कोतवाली नगर व पृथ्वीनाथ मन्दिर थाना खरगूपुर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने तथा मन्दिरों व जूलूसो की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत महोदय द्वारा बताया गया की जनपद के सभी शिवालयों का अधिकारीगण द्वारा आज ही भ्रमण कर स्थितियों का जायजा ले लें तथा स्वयं के स्तर पर समीक्षा कर लें। समस्त राजपत्रित अधिकारीगण सभी धर्मगुरूओं, आयोजको, शान्ति समीतियों  के साथ पीस कमेटी की मीटिंग कर ले। सभी संवेदनशील जगहों पर विशेष निगरानी रखी जाये। दुखहरण नाथ व पृथ्वीनाथ मन्दिर सहित जनपद के सभी शिवालयों में शिवरात्रि मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मंदिर पर भीड़ भाड़ रहेगी महाशिवरात्रि मेले में नदी/घाटों से दर्शनारार्थी जल लेकर जाएगें, नदी/घाटों पर बैरिकेटिंग तथा गोताखोर की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए । जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों, बीट कर्मियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया । गैर परम्परागत आयोजन की अनुमति न दी जाये , तथा पूर्व से निर्धारित रास्ते से ही पर्याप्त पुलिस बल के साथ जूलूस निकाली जाये। सभी शिवालयों पर वर्दी व शादे वस्त्र में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाये। मिश्रित आबादी एवं संवेदनशील क्षेत्रों में QRT के साथ पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाये । महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कॉवड़ मार्गों पर उचित दूरी पर पुलिस पिकेट/गस्त, फुट पेट्रोलिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा यूपी 112 के वाहनों को भी आवश्यकतानुसार रूट चार्ट बना कर व्यवस्थापन करा लिया जाये। वैकल्पिक मार्गों का चिन्हीकरण करते हुए ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था समय से पूर्ण कराते हुए तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। पीए सिस्टम की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाये तथा कांवड़ के मार्गों व धार्मिक स्थलों के आस-पास पोस्टर पार्टी को सकिय रखा जाये। स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों/कर्मचारियों को सामयिक सूचना के प्रति और अधिक सतर्क कर दिया जाये तथा प्रत्येक छोटी सी छोटी सूचना को गम्भीरता से लेते हुये तत्परतापूर्वक यथोचित विधिक कार्यवाही की जाये। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों की मानिटरिंग की जाये तथा सतर्क दृष्टि रखी जाये। भ्रामक / आपत्तिजनक पोस्ट एवं अफवाहों का तत्काल संज्ञान लेते हुये वैधानिक कार्यवाही की जाये तथा अफवाहों का खण्डन किया जाये।

**मीडिया सेल गोण्डा**